# डोगरा रेजिमेण्टल सेन्टर द्वारा सेना में यू0 एच0 क्यू0 (अग्निवीर) भर्ती रैली का आयोजन

1 04 अगस्त 2025 से 10 अगस्त 2025 तक डोगरा रेजिमेण्टल सेन्टर में डोगरा रेजिमेण्ट के शहीदों, सेवा निवृत्त एवं सेवारत सैनिकों के बच्चों के लिए अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेडमैन और अग्निवीर क्लर्क की **यू0 एच0 क्यू0 (अग्निवीर)** भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में अग्निवीर सामान्य ड्यूटी के लिए केवल हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर और पंजाब के होशियारपुर, गुरदासपुर, नवांशहर और रोपड़ जिलों के उम्मीद्वार भाग ले सकते है। इच्छुक डोगरा रिलेशनशिप के उम्मीद्वार पूरे दस्तावेजों सहित डोगरा रेजिमेण्टल सेन्टर अयोध्या कैंट में निम्नलिखित तारीख को प्रातः 4 बजे भर्ती ग्राउण्ड में एकत्रित होंगे। इस भर्ती में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती का भी चयन किया जाएगा। जिसमें केवल हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर और पंजाब के होशियारपुर, गुरदासपुर, नवांशहर और रोपड़ जिलों के ही उम्मीदवार भाग ले सकेगें।

2 भर्ती प्रकिया निचे दी गई तिथि के अनुसार होगी :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (हिमाचल प्रदेश) के लिए दस्तावेज जॉच एवम् शारीरिक दक्षता | – | 04 अगस्त 2025 से 05 अगस्त 2025 तक |
| (ख) | अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (जम्मू व कश्मीर और पंजाब) के लिए दस्तावेज जॉच एवम् शारीरिक दक्षता | – | 06 अगस्त 2025 से 07 अगस्त 2025 तक |
| (ग) | अग्निवीर ट्रेडमैन और उत्कृष्ट खिलाडी के लिए दस्तावेज जॉच, शारीरिक दक्षता एवम् ट्रायल | – | 08 अगस्त 2025 से 09 अगस्त 2025 तक |
| (घ) | अग्निवीर क्लर्क के लिए दस्तावेज जॉच एवम् शारीरिक दक्षता | – | 10 अगस्त 2025 |